सं. :1:05:138:II:सी
दिनांक : 2.06.2026

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-**400 051**	बीएसई लिमिटेड , कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-**400 001**

विषय: श्री वी. पकरीसामी (DIN: 08910218) द्वारा पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में पदभार ग्रहण करना।

महोदया/ महोदय,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुपालन में, हम एतद्द्वारा सूचित करते हैं कि श्री वी. पकरीसामी (DIN: 08910218) ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है।

परिवर्तन का कारण	भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के दिनांक 02.06.2026 के आदेश संख्या एफ.नं.24-8/1/2021-पीएफसी (एमओपी) के अनुसार, यह सूचित किया गया है कि आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के प्रावधानों के अनुपालन में, राष्ट्रपति महोदय ने श्री वी. पकरीसामी को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में उनकी पदभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। यह नियुक्ति उनके अधिवर्षिता की तिथि तक अथवा अगले आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी।
नियुक्ति की तारीख	2.06.2026
संक्षिप्त प्रोफाइल	श्री वी. पकरीसामी जनवरी 1997 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) से जुड़े हुए हैं तथा उनके पास 33 वर्षों से अधिक का गहन एवं विविध व्यावसायिक अनुभव है। उन्होंने सास्त्रा विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा आईआईटी, दिल्ली से मैनेजमेंट सिस्टम्स में एम.टेक. की उपाधि प्राप्त की है। पीएफसी में उन्होंने कार्यपालक निदेशक – एंटिटी अप्रेजल एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के रूप में कार्य किया है। इसके अतिरिक्त, वे ओडिशा इंटीग्रेटेड पावर लिमिटेड, कोस्टल तमिलनाडु पावर लिमिटेड, बिहार मेगा पावर लिमिटेड तथा तेलंगाना नॉर्थ डिस्कॉम के निदेशक मंडलों में नामिती निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त, वे पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी हैं, जो एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्यरत है तथा विद्युत क्षेत्र में नीतिगत पैरवी के लिए एक सक्रिय एजेंसी के रूप में कार्य करती है। अपने कार्यकाल के दौरान श्री पकरीसामी ने क्रेडिट अप्रेजल, विद्युत संस्थाओं की

	रेटिंग, विद्युत क्षेत्र में सुधार एवं पुनर्गठन तथा ऋणकर्ताओं के वित्तीय विश्लेषण सहित अनेक क्षेत्रों में कार्य किया है। उन्होंने प्रचालन एवं वित्तीय कार्ययोजनाओं (ओएफएपी) के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा विद्युत क्षेत्र के वित्तीय एवं वाणिज्यिक पहलुओं से संबंधित परामर्शी परियोजनाओं में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। श्री पकरीसामी के योगदान ने पीएफसी के संस्थागत ढाँचे को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने संगठन के कार्यकलापों के विस्तार तथा मूल्यांकन एवं जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिससे पीएफसी के ऋण पोर्टफोलियो के विकास एवं तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान में उल्लेखनीय योगदान प्राप्त हुआ है। वे ऋण प्रदान करने संबंधी नीतियों के निर्माण, वित्तीय विश्लेषण प्रणालियों के विकास, ऋणग्राही रेटिंग तंत्र की स्थापना तथा नियामकीय एवं वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पीएफसी के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) परिवर्तन का सफल नेतृत्व किया है, जिसके परिणामस्वरूप संगठन की समग्र आईटी क्षमता एवं अवसंरचना के विकास को महत्वपूर्ण बल मिला है। पीएफसी में शामिल होने से पूर्व, श्री पकरीसामी ने नवंबर 1991 से दिसंबर 1996 तक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) तथा मोडीलुफ्ट में कार्य किया, जहाँ वे विमान की वायुयोग्यता, गुणवत्ता नियंत्रण तथा निवारक अनुरक्षण से संबंधित दायित्वों का निर्वहन करते रहे। उन्होंने अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत बिहार स्थित पाइराइट्स फॉस्फेट्स एंड केमिकल्स लिमिटेड में इंजीनियर के रूप में की थी।
निदेशकों के बीच पारस्परिक संबंध	शून्य

इसके अतिरिक्त, हम यह भी सूचित करना चाहते हैं कि श्री वी. पकरीसामी द्वारा दिए गए घोषणा-पत्र के अनुसार, वे सेबी अथवा किसी अन्य प्राधिकरण के किसी आदेश के कारण निदेशक पद धारण करने से प्रतिबंधित (debarred) नहीं हैं।

आपके सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते **पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(मनीष कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
mk_agarwal@pfcindia.com